# कार्यालय नगर निगम जयपुर हैरिटेज

जलेबी चौंक, बड़ी चौपड, जयपुर

क्रमांक अधि० अभि० (मु०) हैरिटेज/2022/116 दिनांकः 08.06.2022

## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा जारी विस्तृत विज्ञप्ति क्रमांक 114 दिनांक 08.06.22 जो नगर निगम जयपुर हैरिटेज की वेबसाईट www.jaipurmcheritage.org पर उपलब्ध है, के अनुसार मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2022–23 के अन्तर्गत लागू इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना (IRGY-Urban) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रबंधन हेतु इस जयपुर जिले की नगर निगम जयपुर हैरिटेज/नगर निगम ग्रेटर जयपुर/नगर परिषद कोटपूतली/नगर पालिका बगरू/बस्सी/चौंमू/जोबनेर/ किशनगढ–रेनवाल/कोटपूतली/पावटा–प्रागपुरा/फुलेरा/सांभरलेक/शाहपुरा/विराट नगर) में कार्मिक विभाग कि अधिसूचना संख्या एफ 17 (4) डीओपी/ए–2/2014 दिनांक 11.01.2022 के अनुसार निम्न पदों के लिए संविदा पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है:–

| निकाय का नाम | पद का नाम | मानदेय प्रति माह | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| नगर निगम जयपुर हैरिटेज/नगर निगम ग्रेटर जयपुर/नगर परिषद कोटपूतली/नगर पालिका बगरू/बस्सी/चौंमू/जोबनेर/किशनगढ–रेनवाल/कोटपूतली/पावटा–प्रागपुरा/फुलेरा/सांभरलेक/शाहपुरा/विराट नगर) | वरिष्ठ तकनीकी सहायक | 40000/- | सिविल अभियांत्रिकी में स्नातकोत्तर/स्नातक डिग्री |
| | कनिष्ठ तकनीकी सहायक | 30000/- | सिविल अभियांत्रिकी में डिग्री/डिप्लोमा |
| | लेखा सहायक | 25000/- | बी.कॉम/सी.ए. इन्टरमिडियेट (आई.पी.सी.)/ICWA(इन्टर) /कम्पनी सेकेण्डरी (इन्टर) |
| | MIS मैनेजर | 25000/- | BCA |
| | शहरी रोजगार सहायक | 15000/- | स्नातक + RSCIT कोर्स उत्तीर्ण |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन मय स्वः प्रमाणित शैक्षणिक योग्यता/जाति प्रमाण–पत्र के दस्तावेजों सहित दिनांक 24.06.2022 को सायं 6:00 बजे तक कार्यालय नगर निगम जयपुर हैरिटेज (IRGY-Urban) सेल में व्यक्तिशः/डाक से प्रस्तुत कर सकते है। डाक से भिजवाते समय यह सुनिश्चित कर लेवे कि डाक नियत तिथि व समय पर कार्यालय में पहुँच जावे। अन्तिम दिनांक 24.06.2022 सायं 6:00 के पश्चात् व्यक्तिशः/डाक से प्राप्त होने वाले आवेदनों पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। विज्ञप्ति से संबंधित विस्तृत विज्ञप्ति/आवेदन पत्र/अन्य सूचनाऐं/निर्देश नगर निगम जयपुर हैरिटेज की वेबसाइट www.jaipurmcheritage.org पर उपलब्ध है।

08/06/22

जिला कलेक्टर एवं
जिला परियोजना समन्वयक
जयपुर

क्रमांकः IRGY-Urban/सं.म./2022–23/ दिनांक :–

**प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–**

1. श्रीमान् शासन सचिव महोदय/श्रीमान् निदेशक एवं संयुक्त सचिव महोदय स्वायत्त शासन विभाग राज० जयपुर।
2. श्रीमान् जिला कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, जयपुर।
3. माननीय महापौर महोदया, नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
4. उपनिदेशक (क्षेत्रीय) स्थानीय निकाय विभाग जयपुर।
5. मुख्य अभियंता(सिविल)/वित्तीय सलाहकार/परियोजना निदेशक/संयुक्त निदेशक (जन सम्पर्क)/एनालिस्ट–कम–प्रोगामर, निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग राज. जयपुर।
6. आयुक्त, नगर निगम ग्रेटर जयपुर/नगर परिषद् कोटपूतली जयपुर।
7. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका बगरू/बस्सी/चौंमू/जोबनेर/किशनगढ–रेनवाल/कोटपूतली/पावटा–प्रागपुरा/फुलेरा/सांभरलेक/शाहपुरा/विराट नगर।
8. मुख्य लेखाधिकारी, नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
9. नोटिस बोर्ड जिला कलेक्ट्रेट जयपुर/नगर निगम जयपुर हैरिटेज/नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
10. सम्पादक ........................................ को भेजकर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति न्यूनतम स्पेस में डीपीआर दर पर शीघ्र प्रकाशित करवाते हुए व्यय बिल मय समाचार पत्रों की 3 प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करें।
11. रक्षित पत्रावली।

(अवधेश मीना)
आई.ए.एस.
आयुक्त
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

Scanned with CamScanner

# कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक जयपुर राजस्थान

प्रारूप

आवेदक का फोटो

## आवेदन पत्र

1 आवेदक का नाम i हिन्दी :- ..............................

ii IN ENGLISH (CAPITAL LETTER) :- ..............................

2 पिता/पति का नाम i हिन्दी :- ..............................

ii IN ENGLISH (CAPITAL LETTER) :- ..............................

3 लिंग (पुरूष/महिला) :- ..............................

4 पद का नाम जिसके लिए आवेदन किया है :- ..............................

5 जाति

(संलग्न प्रमाण पत्र कमांक ..............................)

6 आवेदित वर्ग :- ..............................

7 जन्म तिथि :- दिनांक .......... माह ....... वर्ष ..........

(संलग्न प्रमाण पत्र कमांक ..............................)

8 आयु (01.01.2023 को) :- ..............................

9 मूल निवास :- ..............................

10 स्थाई पता :- :- ..............................

..............................

11 पत्र व्यवहार का पता :- :- ..............................

..............................

12 मोबाईल नम्बर :- ..............................

13 आधार संख्या :- ..............................

14 ई-मेल आईडी :- ..............................

15 शैक्षणिक योग्यता :- ..............................

(संलग्न प्रमाण पत्र कमांक ....................)

| शैक्षणिक स्तर | वर्ष | बोर्ड/विश्वविधालय का नाम | प्राप्तांक | प्रतिशत | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| माध्यमिक | | | | | |
| सीनियर सैकेण्डरी | | | | | |
| स्नातक | | | | | |
| डिग्री/डिप्लोमा | | | | | |
| स्नातकोतर | | | | | |

नोटः- समस्त संलग्न दस्तावेज स्व-हस्ताक्षरित साफ-सुधरे एवं छाया-प्रतिलिपि (फोटोकापी) होना चाहिए। किसी प्रकार की कांट-छांट, अशुद्धि होने पर एवं दस्तावेज सही दृश्य नहीं होने पर समस्त जिम्मेदारी आवेदक की स्वंय की होगी। प्रत्येक संलग्न दस्तावेज पर कमांक अंकित करें।

सलंग्न दस्तावेजों की सूची

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

आवेदक के हस्ताक्षर

### शपथ

मैं यह सशपथ घोषणा करता/करती हूँ कि ऊपर वर्णित 1 लगायत 15 की समस्त जानकारी सही है, कोई तथ्य नहीं छुपाया गया है। किसी भी प्रकार की असत्यता पाये जाने पर समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वंय की होगी। जिला कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला जयपुर का निर्णय मुझे मान्य होगा।

आवेदक के हस्ताक्षर

Scanned with CamScanner

## प्राप्ति रसीद (कार्यालय उपयोग हेतु)

आवेदक ........................................ पुत्र/पुत्री/पत्नी, श्री ........................................................ का पद ..................................... हेतु आवेदन पत्र नगर निगम जयपुर हैरिटेज कार्यालय में दिनांक ...................... को प्राप्त हुआ जिसका प्राप्ती कमांक ................................ है।

प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

Scanned with CamScanner

# परिशिष्ठ–41

1. 01.06.2002 को जीवित सन्तानों का विवरणः–

| क्र. सं. | बच्चे/सन्तान का नाम | जन्म तिथि |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |

2. 01.06.2002 के पश्चात् उत्पन्न बच्चों/सन्तानों का विवरणः–

| क्र. सं. | बच्चे/सन्तान का नाम | जन्म तिथि |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |

3. कुल जीवित बच्चे/सन्तानेंः–

..............................................

हस्ताक्षर
आवेदक का नाम व पूर्ण पता

Scanned with CamScanner

# कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक जयपुर राजस्थान

क्रमांकः IRGY-Urban/सं.भ./2022–23/114 दिनांकः– 08.06.2022

"इन्दिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के विभिन्न पदों के लिये संविदा आधार पर सीधी भर्ती 2022

## विस्तृत–विज्ञप्ति

मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार की बजट घोषणा 2022–23 के बिन्दु सं0 6 पर की गई घोषणान्तर्गत "इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना (IRGY-Urban)" विभागीय क्रियान्वयन एवं प्रबंधन हेतु स्वायत्त शासन विभाग राज0 जयपुर के पत्र क्रमांक एफ. 56 (क) ( ) सी.ई./डीएलबी/ IRGY-Urban/2022-23/30025-30250 दिनांक 06.05.2022 के द्वारा जारी मार्गदर्शिका के बिन्दु संख्या 10 के अनुसार पत्र क्रमांक एस्टे/एम/एफ.10 ( )/आरएमएस (टी)/डीएलबी/2022/3692–3724 दिनांक 31.05.2022 एवं एस्टे/एम/एफ.10( )/आरएमएस (टी)/डीएलबी/2022/5818–51 दिनांक 01.06.2022 के निर्देशानुसार तथा कार्मिक विभाग राज0 सरकार की अधिसूचना संख्या एफ 17 (4) डीओपी/ए–2/2014 दिनांक 11.01.2022 की अनुपालना में जयपुर जिले की समस्त नगर निगम जयपुर हैरिटेज/नगर निगम ग्रेटर जयपुर/नगर परिषद कोटपूतली/नगर पालिका बगरू/बस्सी/चौंमू/जोबनेर/किशनगढ–रेनवाल/कोटपूतली/पावटा–प्रागपुरा/फुलेरा/सांभरलेक/शाहपुरा/विराट नगर) में कार्मिकों की नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई संविदा आधार पर/अनुबंध आधारित कार्मिकों का चयन करने हेतु निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

**अ. पदों का विवरणः–**

| क्र. सं. | पदनाम | No of post (S) | Gen (UR) | | | | E.W.S. | | | | S.C. | | | | S.T. | | | | O.B.C. | | | | M.B.C. | | | | Horizontal Reservation | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य | सा. म. | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सा. म. | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सा. म. | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सा. म. | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सा. म. | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सा. म. | विधवा | परित्यक्ता | विशेष योग्यजन | Ex-service Men | उत्कृष्ट खिलाड़ी |
| 1 | वरिष्ठ तकनीकी सहायक | 11 | 4 | 1 | - | - | 1 | - | - | - | 2 | 1 | - | - | 1 | - | - | - | 2 | 1 | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - |
| 2 | कनिष्ठ तकनीकी सहायक (डिग्री) | 22 | 7 | 2 | - | - | 2 | 1 | - | - | 4 | 1 | - | - | 3 | 1 | - | - | 5 | 2 | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - |
| 3 | कनिष्ठ तकनीकी सहायक (डिप्लोमा) | 6 | 2 | 1 | - | - | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | लेखा सहायक | 18 | 6 | 2 | - | - | 2 | 1 | - | - | 3 | 1 | - | - | 2 | 1 | - | - | 4 | 1 | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - |
| 5 | MIS मैनेजर | 18 | 6 | 2 | - | - | 2 | 1 | - | - | 3 | 1 | - | - | 2 | 1 | - | - | 4 | 1 | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - |
| 6 | शहरी रोजगार सहायक | 29 | 11 | 4 | - | - | 3 | 1 | - | - | 5 | 2 | - | - | 3 | 1 | - | - | 6 | 2 | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - |

Scanned with CamScanner

शैक्षणिक योग्यता एवं देय मानदेय–

| क्र. सं. | पदनाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | प्रतिमाह मानदेय (संविदा पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ तकनीकी सहायक | सिविल अभियांत्रिकी में स्नातकोत्तर / स्नातक डिग्री | 40000/- |
| 2 | कनिष्ठ तकनीकी सहायक | सिविल अभियांत्रिकी में डिग्री / डिप्लोमा | 30000/- |
| 3 | लेखा सहायक | बी.कॉम / सी.ए. इन्टरमिडियेट (आई.पी.सी.) / ICWA(इन्टर) / कम्पनी सेकेण्डरी (इन्टर) | 25000/- |
| 4 | MIS मैनेजर | BCA | 25000/- |
| 5 | शहरी रोजगार सहायक | स्नातक + RSCIT कोर्स उत्तीर्ण | 15000/- |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन मय स्व–प्रमाणित शैक्षणिक / आयु / जाति प्रमाण पत्र / सन्तान संबंधी शपथ–पत्र / जन्म–प्रमाण पत्र / मूल निवासी प्रमाण पत्रों के दस्तावेजों सहित दिनांक 24.06.2022 को सायं 6:00 बजे तक कार्यालय समय में नगर निगम जयपुर हैरिटेज में IRGY-Urban CELL में व्यक्तिशः / रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रस्तुत कर सकते है। विस्तृत विज्ञप्ति / निर्देश कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, नगर निगम जयपुर हैरिटेज के नोटिस बोर्ड एवं नगर निगम जयपुर हैरिटेज की वेबसाईट **www.jaipurmcheritage.org** पर देखी जा सकती है।

08/06/22

जिला कलेक्टर एवं
जिला परियोजना समन्वयक
जयपुर

शर्तें:–

1. राज्य सरकार के द्वारा इन्दिरा गॉधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना के अन्तर्गत समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश इस विज्ञप्ति का भाग माने जावेगें।
2. इस योजना का प्रशासनिक विभाग,स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार है।
3. इस योजनान्तर्गत उक्त संविदा पदो के वर्ग के वर्गीकरण एवं संविदा अनुबन्ध के संबंध में कार्मिक विभाग,राजस्थान सरकार के द्वारा समय–समय पर जारी अधिसूचना / आदेश / परिपत्र आदि के द्वारा प्रदत्त विभिन्न दिशा निर्देशों के तहत आरक्षण रोस्टर के अनुसार है।
4. इच्छुक अभ्यर्थी को अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में जिसमें आवेदित पद का नाम, पिता / पति का नाम, जाति मूल निवासी, आयु, जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता, स्थायी पता, वर्ग जिसके लिये आवेदन किया गया है, मोबाईल नम्बर, ई–मेल आईडी आदि का अंकन करते हुए तथा जाति,मूल निवासी, आयु, जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता, स्थायी पता, वर्ग तथा सन्तान संबंधी घोषणा–पत्र आदि सभी दस्तावेजों की स्वंय प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि संलग्न करेगें। आवेदन पत्र का प्रारूप नगर निगम जयपुर हैरिटेज (इन्दिरा गांधी रोजगार गारंटी योजना–प्रकोष्ठ) कार्यालय में एवं नगर निगम जयपुर हैरिटेज की वेबसाईट **www.jaipurmcheritage.org** पर भी देखा जा सकता है।
5. उक्त संविदा सेवायें पूर्णतया अनुबंध पर आधारित है जिसकी अवधि वित्तीय 2022–23 वर्ष तक अर्थात् 31 मार्च, 2023 तक प्रथमतः प्रभावी होगी।
6. यदि सेवायें संतोषप्रद नहीं रहती है तो अनुबंधित कार्मिक को कभी भी अनुबंध समाप्ति कर सेवा से पृथक कर दिया जावेगा।
7. पदों की संख्या घटाई बढाई जा सकती है।
8. आरक्षित वर्ग के लिये राज्य सरकार के नियमानुरार पद आरक्षित होगें एवं विशेष योग्यजन हेतु नियमानुसार आरक्षण देय होगा।
9. 1 जनवरी 2023 को आवेदन की न्यूनतम आयु 21 वर्ष व अधिकतम आयु 40 वर्ष मान्य होगी।
10. किसी भी तरह का विवाद होने पर अन्तिम निर्णय जिला कलेक्टर जयपुर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक जयपुर (IRGY-U) का मान्य होगा। तथा किसी भी तरह के विवाद कि स्थिति में न्यायिक क्षेत्र जयपुर जिला मुख्यालय होगा।

Scanned with CamScanner

11. संविदा भर्ती पूर्णतया मैरिट पर आधारित होगी। इसके लिए साक्षात्कार का कोई प्रावधान नहीं है।
12. संविदा अभ्यार्थियों के प्राप्त आवेदनों के आधार पर संविदा पदों की पदवार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मैरिट तैयार की जावेगी तथा सफल/चयनित अभ्यार्थीयों से अनुबंध उन्हें आवंटित संबंधित निकाय द्वारा किया जावेगा।
13. संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक के पद हेतु 80 प्रतिशत पद डिग्रीधारियों से तथा 20 प्रतिशत पद डिप्लोमाधारियों से भरे जावेगें।
14. एक अभ्यार्थी द्वारा केवल एक ही नगरीय निकाय में संविदा अनुबंध किया जावेगा अन्यथा सभी संविदा अनुबंध निरस्त कर दिये जायेगें।
15. OBC प्रमाण पत्र आवेदन की अन्तिम दिनांक 30.06.2022 से एक वर्ष से अधिक पुराना मान्य नहीं होगा एवं EWS का प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु वैध ही मान्य होगा।
16. शहरी रोजगार सहायक संविदा पद हेतु स्नातक + RSCIT उत्तीर्ण होना आवश्यक है परन्तु मैरिट लिस्ट का संधारण केवल स्नातक डिग्री के प्राप्तांक के आधार पर ही किया जावेगा। RSCIT हेतु मैरिट का कोई प्रावधान नहीं रखा जावेगा।
17. संविदा भर्ती वरियता के आधार पर की जावेगी तथा पदवार सभी पदों के लिये कुल पदों की पृथक–पृथक कमशः 20 प्रतिशत पदों की प्रतीक्षा सूची तैयार की जावेगी।
18. संविदा भर्ती हेतु कोई आवेदन शुल्क देय नहीं है अर्थात् आवेदन निःशुल्क किया जावेगा।
19. संविदा से भरे जाने वाले पदों की भर्ती जिले की समस्त स्थानीय निकायों के लिये नगर निगम जयपुर हैरिटेज/नगर निगम ग्रेटर जयपुर/नगर परिषद कोटपूतली/नगर पालिका बगरू/बस्सी/चौंमू/जोबनेर/किशनगढ–रेनवाल/कोटपूतली/पावटा–प्रागपुरा/फुलेरा/सांभरलेक/शाहपुरा/विराट नगर) संविदा पदों के लिये की जा रही है।
20. संविदा भर्ती किये जाने के उपरांत नगरीय निकायों का आवंटन जिला कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक जयपुर द्वारा पदवार वर्गानुसार लॉटरी से किया जावेगा।
21. आवेदक का राजस्थान राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य होगा।
22. आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 24.06.22 सायं 6:00 बजे तक रहेगी।
23. राजस्थान के अन्य पिछडा वर्ग, अति पिछडा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आरक्षित पदों हेतु पात्र एवं उपयुक्त आवेदक उपलब्ध नहीं होने पर इन पदों को नियमानुसार सामान्य प्रकिया से भरा जावेगा।
24. महिला हेतु रिक्तियों का आरक्षण क्षैतिज प्रवर्गानुसार सामान्य महिला 20 प्रतिशत, विधवा महिला 8 प्रतिशत एवं विवाह विछिन्न महिला 2 प्रतिशत होगा। महिला अभ्यार्थियों का आरक्षण उसके संबंधित प्रवर्ग में जिनकी वे महिला आवेदक है आनुपातिक रूप से समायोजित किया जावेगा।
25. स्पष्टीकरण – किसी वर्ग अनारक्षित पद, सामान्य वर्ग/अनुसूचित जाति, अन्य पिछडा वर्ग, अति पिछडा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की पात्र एवं उपयुक्त महिला आवेदक उपलब्ध नहीं होने पर उस पद को उसी वर्ग के पुरूष आवेदक से भरा जावेगा। विवाहित महिला आवेदक का अपने पिता का नाम, निवास स्थान एवं आय के आधार पर जारी अन्य पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग का नॉन क्रिमीलियर का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। पति के नाम एवं आय के आधार पर जारी प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा।
26. महिलाओं हेतु आरक्षित दर्शाए गए पदों में नियमानुसार विधवा महिलाओं के लिये पद आरक्षित है यदि विधवा महिलाऐं पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं होती है तो उनके लिये आरक्षित पद को उसी श्रेणी की प्रथमतः विवाह विछिन्न महिलाओं से एवं विवाह विछिन्न महिला उपलब्ध नहीं होने पर उस श्रेणी वर्ग की सामान्य महिला से भरा जायेगा। विधवा आवेदक होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदन की अन्तिम तिथि से पूर्व का प्रस्तुत करना होगा एवं विवाह विछिन्न महिलाओं को न्यायालय द्वारा जारी तलाक की डिग्री प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**भूतपूर्वक सैनिक हेतु :–**

27. भूतपूर्वक सैनिकों के आश्रितों को भूतपूर्व सैनिकों के आरक्षण पद का लाभ देय होगा किन्तु उनके आश्रितों को भूतपूर्व सैनिकों के आरक्षित पद का लाभ देय नहीं होगा।
28. भूतपूर्वक सैनिक – प्रतिरक्षा (थल, जल, वायु सेना) सेवाओं से सेवा मुक्ति के समय आवेदक का चरित्र अच्छा से कम नहीं होना चाहिए। जैसा कि उसकी सेवा मुक्ति में दर्शाया गया हो।
29. प्रतिरक्षा सेवा से सेवामुक्ति के पश्चात् किसी आवेदक का चरित्र ऐसा होना चाहिए जो उसे नियोजन के लिये अर्हत बना दें।
30. यदि किसी कारणवश भूतपूर्वक सैनिक कार्य ग्रहण नहीं करता है तो ऐसी स्थिति को नियमानुसार सामान्य प्रकिया के अनुसार भरा जावेगा।

**अधिकतम आयु सीमा में छुटः–**

(i) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति,अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग,आर्थिक रूप से कमजोर पुरुष अभ्यर्थी के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट रहेगी।

Scanned with CamScanner

(ii) सामान्य महिला अभ्यर्थीयों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट रहेगी।
(iii)अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति,अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग,आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थीयों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट रहेगी।

**अन्य योग्यताऐं:–**

31. स्वास्थ्य – उक्त पद पर भर्ती के लिये उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व जिले के प्रमुख चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/प्रमुख चिकित्सा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**चरित्र:–**

32. चरित्र – सेवा में सीधी भर्ती के लिये आवेदक का चरित्र ऐसा होना चाहिए जिससे की वह उक्त पद पर नियुक्ति के लिये योग्य हो सके। उसे सद्चरित का प्रमाण पत्र ऐसे विश्वविधालय, स्कूल या कॉलेज जहां उसने अन्तिम शिक्षा प्राप्त की हो, के प्रधानाचार्य/शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रदत्त, प्रस्तुत करना होगा और दो ऐसे उत्तरदायी व्यक्तियों के प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करने होगें जो आवेदन पत्र की दिनांक से 6 महिने पहले के न हो और अभ्यार्थी के रिश्तेदार द्वारा दिये हुये नहीं हो।

**नियुक्ति की अयोग्यताऐं:–**

33. किसी भी ऐसे पुरूष आवेदक को जिसकी एक से अधिक जीवित पत्नी हो चयनित किये जाने या नियुक्ति के लिये पात्र नहीं माना जावेगा। किसी आवेदक को इस नियम की कार्यवाही से छूट दी जा सकती है यदि सरकार संतु ट हो कि ऐसा करने के लिये विशेष आधार है।
34. किसी महिला आवेदक को जिसने उस पुरूष से विवाह किया है जिसके पहले जीवित पत्नी हो नियुक्ति के लिये पात्र नहीं माना जावेगा। किसी महिला आवेदक को इस नियम की कार्यवाही से छूट दी जा सकती है यदि सरकार संतु ट हो कि ऐसा करने के लिये विशेष आधार है।
35. ऐसा कोई भी अभ्यार्थी जिसके 01.06.2002 को या उसके पश्चात् दो से अधिक संतान हो सेवा में नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा। परन्तु 2 से अधिक बच्चे वाले आवेदक को नियुक्ति के लिये तब तक निरहरित नहीं समझा जावेगा जब तक की 1 जून 2002 को विद्यमान उसके बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं होती। परन्तु यह और के जहां किसी आवेदक के पूर्वतर प्रसव से केवल एक बच्चा है किन्तु किसी एक पश्चावर्ती प्रसव से एक से अधिक बच्चे पैदा होते है और वहां बच्चों की संख्या की गणना करते समय इस प्रकार पैदा हुए बच्चों को एक ही समझा जावेगा।
36. जाति प्रमाण पत्र की वैधता अवधि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जाति प्रमाण पत्र निर्देश 09.09.2015 के अनुसार होगें।

08/06/22

जिला कलेक्टर एवं
जिला परियोजना समन्वयक
जयपुर

क्रमांक: IRGY-Urban/सं.प./2022–23/ 115 दिनांक :– 08.06.2022

**प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–**

1. श्रीमान् शासन सचिव महोदय/श्रीमान् निदेशक एवं संयुक्त सचिव महोदय स्वायत्त शासन विभाग राज0 जयपुर।
2. श्रीमान् जिला कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, जयपुर।
3. माननीय महापौर महोदया, नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
4. उपनिदेशक (क्षेत्रीय) स्थानीय निकाय विभाग जयपुर।
5. मुख्य अभियंता(सिविल)/वित्तीय सलाहकार/परियोजना निदेशक/संयुक्त निदेशक(जन सम्पर्क)/एनालिस्ट–कम–प्रोगामर,निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग राज. जयपुर।
6. आयुक्त, नगर निगम ग्रेटर जयपुर/नगर परिषद् कोटपूतली जयपुर।

Scanned with CamScanner

7. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका बगरू / बस्सी / चौंमू / जोबनेर / किशनगढ–रेनवाल / कोटपूतली / पावटा–प्रागपुरा / फुलेरा / सांभरलेक / शाहपुरा / विराट नगर।
8. मुख्य लेखाधिकारी, नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
9. नोटिस बोर्ड जिला कलेक्ट्रेट जयपुर / नगर निगम जयपुर हैरिटेज / नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
10. सम्पादक .................................................................................. को भेजकर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति न्यूनतम स्पेस में डीपीआर दर पर शीघ्र प्रकाशित करवाते हुए व्यय बिल मय समाचार पत्रों की 3 प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करें।
11. रक्षित पत्रावली।

(अवधेश मीना)
आई.ए.एस.
आयुक्त
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

Scanned with CamScanner